**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

2. (Signature) ____________________

   (Name) ____________________

**Roll No.** | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

**Roll No.** ____________________

(In words)

**Test Booklet No.**

**J—6006**

**PAPER—III**

# BUDDHIST, JAINA, GANDHIAN & PEACE STUDIES

**Time : 2½ hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **48** Number of Questions in this Booklet : **26**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. Answers to short answer/essay type questions are to be given in the space provided below each question or after the questions in the Test Booklet itself.

   **No Additional Sheets are to be used.**
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Test Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the question booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
4. Read instructions given inside carefully.
5. One page is attached for Rough Work at the end of the booklet before the Evaluation Sheet.
6. If you write your name or put any mark on any part of the Answer Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, you will render yourself liable to disqualification.
7. You have to return the Test booklet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall.
8. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
9. **Use of any calculator or log table etc. is prohibited.**
10. **There is NO negative marking.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. पहले पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. लघु प्रश्न तथा निबंध प्रकार के प्रश्नों के उत्तर, प्रत्येक प्रश्न के नीचे या प्रश्नों के बाद में दिये हुये रिक्त स्थान पर ही लिखिये।

   **इसके लिए कोई अतिरिक्त कागज का उपयोग नहीं करना है।**
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ / प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले ले। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
4. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
5. उत्तर-पुस्तिका के अन्त में कच्चा काम (Rough Work) करने के लिए मूल्यांकन शीट से पहले एक पृष्ठ दिया हुआ है।
6. यदि आप उत्तर-पुस्तिका पर अपना नाम या ऐसा कोई भी निशान जिससे आपकी पहचान हो सके, किसी भी भाग पर दर्शाते या अंकित करते हैं तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित कर दिये जायेंगे।
7. आपको परीक्षा समाप्त होने पर उत्तर-पुस्तिका निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और इसे परीक्षा समाप्ति के बाद अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें।
8. **केवल नीले / काले बाल प्वाईंट पैन का ही इस्तेमाल करें।**
9. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
10. **गलत उत्तर के लिए अंक नहीं काटे जायेंगे।**

## BUDDHIST, JAINA, GANDHIAN AND PEACE STUDIES

## बौद्ध, जैन, गांधीवादी एवं शान्ति अध्ययन

### PAPER – III

### प्रश्न-पत्र – III

**NOTE:** **This paper is of two hundred (200) marks containing four (4) sections. Candidates are required to attempt the questions contained in these sections according to the detailed instructions given therein and *according to their major specialization/elective only.***

**नोट :** **यह प्रश्न-पत्र दो सौ (200) अंको का है एवं इसमें चार (4) खंड है। अभ्यर्थियों को इन में समाहित प्रश्नों का उत्तर अलग दिये गये *विस्तृत निर्देशों के अनुसार और केवल अपने विशेष* प्रमुख विषय के अनुसार देना है।**

## BUDDHIST STUDIES

## बौद्ध अध्ययन

### SECTION - I

### खण्ड – I

**Note :** This section contains five (5) questions based on the following paragraph. Each question should be answered in about thirty (30) words and each carries five (5) marks.

**(5x5=25 marks)**

**नोट :** इस खंड में निम्नलिखित अनुच्छेद पर आधारित पाँच (5) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंको का है।

**(5x5=25 अंक)**

**Read the given passage carefully and answer the under noted 5 (five) questions each in 30 words (Common to all specializations).**

**दिये गए अनुच्छेद को ध्यान से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों के उत्तर लगभग 30 शब्दों में प्रति उत्तर लिखिए ( यह अनुच्छेद सभी प्रमुख विषयों के लिए समान है )**

*Read the given passage carefully and answer the questions :*

"Non - violence, certainly, is one of the highest virtues. Christianity, Jainism, Buddhism, Hinduism, Islam and almost all religions of the world give due importance to it. In modern times, Gandhi, Martin Luther King, and Daisaku Ikeda of Japan have tried to promote and practise non - violence very seriously in their respective fields and lives. They have reminded us that violence cannot solve any of our problems - these may be social, political, economic or even religious. In fact their argument seems to be convincing and correct. The background of the past clearly shows that the nature of violence is counter - productive. It only multiplies. Violence is negative and non - violence is positive. Violence destroys, on the other hand non - violence reconstructs. History is a witness that war (violence) has destroyed many. The remaining survivours have divided themselves into various groups which have been fighting continuously with each other. This is a mad race which has no ending. Moreover, violence creates unethical atmosphere of anger, hatred, jealousy and above all leads to revenge. The whole atmosphere is surcharged with rage and cut - throat competition. As a result, there is no peace, no rest, no patience and no religious tolerance. What remains behind is restlessness, tension and constant fear of to be killed anytime. All scruples are thrown to the winds and a yesterday's friend becomes a foe, the next day. The pace of development is also put on the shelf as everyone is busy in collecting more and more dangerous arms to defeat the opoonent. In such a situation we have to decide : Do we want existence or non - existence" ?

''अहिंसा, निश्चित तौर पर, सर्वश्रेष्ठ गुणों में से एक है। इसाई जैन, बौद्ध, हिन्दु धर्म, इस्लाम और प्राय: संसार के सभी धर्मों में इसको एक महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। आधुनिक काल में गाँधी, मार्टिन लूथर किंग और जापान के दायसाकू इकेडा ने बहुत गंभीरता से अपने-अपने क्षेत्र में और व्यक्तिगत जीवन में बढावा देने और

जीवन में उतारने का प्रयास किया है। इन्होंने हमें याद दिलाया है कि हिंसा हमारी किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर सकती, चाहे वह सामाजिक, राजनैतिक, आर्थिक या फिर धार्मिक भी क्यों न हों। वास्तव में इनका तर्क बड़ा ही विश्वसनीय और सही जान पड़ता है। भूत की पृष्ठभूमि साफ तौर पर यह दर्शाती है कि हिंसा का स्वभाव अधिक हिंसा पैदा करने वाला है। यह केवल अधिक से अधिक हिंसा फैलाती है। हिंसा नकारात्मक है और अहिंसा सकारात्मक। हिंसा विनाश करती है, दूसरी ओर अहिंसा पुनः निर्माण करती है। इतिहास इस बात का गवाह है कि युद्ध (हिंसा) ने बहुतों को बर्बाद किया है। जीवित बचे लोगों ने अपने आपको विभिन्न गुटों में बाँट लिया है जो निरन्तर एक दूसरे से लड़ रहे हैं। इससे भी अधिक हिंसा तो गुस्सा, घृणा, ईर्ष्या और तनाव का अनैतिक वातावरण पैदा कर देता है जो बदले की भावना तक खींच कर ले जाता है। सारे का सारा वातावरण गुस्सा और गला काटने वाली प्रतिस्पर्धा से भर जाता है। परिणाम स्वरूप न शान्ति रहती, न चैन, नहीं धैर्य रहता और न ही धार्मिक सहनशीलता। जो कुछ पीछे बचता है, वह बेचैनी, तनाव और निरंतर भय कभी भी मारे जाने का। सारी की सारी समझदारी हवा में उड़ा दी जाती है और कल का दोस्त दूसरे दिन ही दुश्मन नज़र आता है। विकास कार्य भी ताक पर रख दिया जाता है क्योंकि हर कोई अधिक से अधिक खतरनाक हथियार जुटाने में व्यस्त हो जाता है ताकि दुश्मन को हरा सके। इस अवस्था में हमें यह फैसला करना ही होगा : क्या हम अपना अस्तित्व (जीवन) चाहते हैं या विनाश ?''

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**1.** In recent times who have taken the lead to promote the cause of non - violence ?

अभीहाल ही में अहिंसा को बढावा देने में कौन लोग अग्रणी रहे हैं?

**Common to all specialization.**

**यह प्रश्न सभी प्रमुख विषयों के लिए समान है।**

**2.** Can violent means solve our problems ?

क्या हिंसक साधनों द्वारा हमारी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है?

**Common to all specialization.**

**यह प्रश्न सभी प्रमुख विषयों के लिए समान है।**

**3.** Explain the nature of violence.

हिंसा के स्वरूप को स्पष्ट कीजिए।

**Common to all specialization.**

**यह प्रश्न सभी प्रमुख विषयों के लिए समान है।**

**4.** What are net results of violence ?

हिंसा के सटीक परिणाम क्या हैं?

**Common to all specialization.**

**यह प्रश्न सभी प्रमुख विषयों के लिए समान है।**

**5.** Explain the meanings of Existence and Non - Existence depicted in the above paragraph.

ऊपरलिखित अनुच्छेद में दर्शाए गए शब्दों, अस्तित्व (जीवन) और विनाश का स्पष्टीकरण दीजिए।

## SECTION - II
## खण्ड – II

**Note :** This section contains fifteen (15) questions each to be answered in about thirty (30) words. Each question carries five (5) marks.

**(5x15=75 marks)**

**नोट :** इस खंड में पंद्रह (15) प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न पाँच (5) अंकों का है।

**(5x15=75 अंक)**

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**6.** Write a note on Sambodhi.

सम्बोधि पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

Write a note on the Dhavalā.

धवला पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

Write a note on transformation of Gandhi's personal life in England.

ईंग्लैण्ड में गाँधीजी के व्यक्तिगत जीवन के बदलाव पर एक लेख लिखिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**7.** What is "Mūla Desànā" of the Buddha. Clarify.

तथागत बुद्ध की मूल देशना क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

What was the role of Acārya Nemicandra Siddhāntacakravarti in the construction of the Statue of Bahubali at Œramaṇabelagodā ?

श्रमणबेलगोला में भगवान बाहुबलि की मूर्ति के निर्माण में अचार्य सिद्धान्त चक्रवर्ती की क्या भूमिका थी? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Name the three moderns who influenced Gandhi the Most.

उन तीन आधुनिक महानुभावों के नाम बताईये जिन्होंने गाँधी को सबसे अधिक प्रभावित किया था।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**8.** What is Madhymā Pratīpadā ? Clarify.

मध्यमा प्रतिपदा क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

What is the difference between Syādvāda and Sanœayavāda ?

स्यद्वाद और संशयवाद में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Explain Gandhi's views on Religion.

धर्म पर गाँधी के विचारों को स्पष्ट कीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**9.** What do you mean by Saṅkhāra ?

संखार से क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Write a note on the concept of Aparigrahavāda.

अपरिग्रहवाद पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

Write a note on Champaran Satyāgraha.

चम्पारण सत्याग्रह पर एक लेख लिखिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**10.** What was the outcome of the Second Council ?

द्वितीय संगीति का फल क्या रहा ?

**OR / अथवा**

Define the word Āśrava.

आश्रव की परिभाषा दीजिए।

**OR / अथवा**

Describe Gandhi's Sarvodaya.

गाँधी के सर्वोदय का वर्णन कीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**11.** What is Pratisaṅkhyānirodha in Buddhism ?

बौद्धधर्म में प्रतिसंख्यानिरोध का तात्पर्य क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

What do you mean by Śuddhopayoga in Jainism.

जैनधर्म में शुद्धोपयोग की परिभाषा को स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Define Truth according to Gandhi.

गाँधी के अनुसार सत्य को परिभाषित कीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**12.** Write the five - points of Mahādeva related to the concept of Arhat.

महादेव द्वारा प्रचारीत अर्हद् विषयक पाँच विषय कौन-कौन से हैं?

**OR / अथवा**

What is the differential points between Jainism and Vedic religion.

जैनधर्म और वैदिक धर्म में किन विषयों में मतभेद है?

**OR / अथवा**

What are the foundations of Gandhian Thoughts ?

गाँधी विचार की आधारशिलाएं कौन सी हैं?

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**13.** What is Theravāda ? Clarify.

थेरवाद क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Define Saṁvara.

संवर की परिभाषा दीजिए।

**OR / अथवा**

Does Gandhi believe in Caste - System ?

क्या गाँधी जाति प्रथा में विश्वास रखते हैं?

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**14.** Write a note on the Buddhist Stupa.

बौद्ध स्तूप पर एक टिप्पणी लिखिए।

**OR / अथवा**

What is the subject matter of the Samayasāra ?

समयसार की विषयवस्तु क्या है?

**OR / अथवा**

Did Gandhi oppose Western Civilization ?

क्या गाँधी ने पश्चिमी सभ्यता का विरोध किया था?

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**15.** Write a note on the Gandhāra - art with reference to Buddhist art.

बौद्धकला के सन्दर्भ में गान्धारकला पर एक टिप्पणी लिखिए।

**OR / अथवा**

Define the Mokṣa in Jainism.

जैनधर्म के अनुसार मोक्ष की परिभाषा दीजिए।

**OR / अथवा**

Define Trusteeship. Is it possible ?

ट्रष्टिशिप की परिभाषा दीजिए। क्या यह संभव है?

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**16.** What is Avākṛtatāvāda ?

अव्याकृततावाद से तात्पर्य क्या है?

**OR / अथवा**

What is the meaning of Samyagdarśana in Jainism ?

जैनधर्म में सम्यग्दर्शन की परिभाषा क्या है?

**OR / अथवा**

How Chipko Movement can contribute towards a better environment ? Explain.

एक अच्छे पर्यावरण के लिए चिपको आन्दोलन का क्या योगदान हो सकता है। स्पष्ट कीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**17.** What is the meaning of Mahāyāna ?

महायान का तात्पर्य क्या है?

**OR / अथवा**

Enumerate the works of Ācārya Haribhadra.

आचार्य हरिभद्र की कृतियों का उल्लेख कीजिए।

**OR / अथवा**

Define Non - violent Ecology.

अहिंसक पर्यावरण की परिभाषा दीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**18.** Define the word Bodhisattva.

बोधिसत्व शब्द की परिभाषा दीजिए।

**OR / अथवा**

Define the Dharma Dravya and Adharma Dravya, according to Jainism.

जैनधर्म के अनुसार धर्मद्रव्य और अधर्मद्रव्य को परिभाषित कीजिए।

**OR / अथवा**

Write a note on Martin Luther King, Junior's Role in promoting World Peace.

विश्वशान्ति को बढ़ावा देने के सम्बन्ध में मार्टिन लूथर किंग, जूनियर की भूमिका पर एक लेख लिखिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**19.** Write a note on the Pramāṇa - samuccaya.

प्रमाण समुच्चय पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

Write a note on the Khajuraho Jain temple.

खजुराहो जैन मन्दिर पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

Define Sustainable Development.

टिकाऊ विकास की परिभाषा दीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**20.** What is the subject matter of Hetubindu ?

हेतुबिन्दु की विषयवस्तु क्या है?

**OR / अथवा**

Write a note on the Abu Jain temple.

आबू जैन मन्दिर पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

What are the causes of violence ? Explain.

हिंसा के क्या कारण हैं? स्पष्ट कीजिए।

## SECTION - III
## खण्ड – III

**Note :** This section contains five (5) questions of twelve (12) marks each. Each question is to be answered in about two hundred (200) words.

**(12x5=60 marks)**

**नोट :** इस खंड में बारह (12) अंकों के पाँच (5) प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग दो सौ (200) शब्दों में अपेक्षित है।

**(12x5=60 अंक)**

## BUDDHIST, JAINA, GANDHIAN AND PEACE STUDIES

## बौद्ध, जैन, गांधीवादी एवं शान्ति अध्ययन

**Answer the question according to your specialization.**

**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**21.** Write a note on the caturārya - satya.

चतुरार्यसत्य पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

Enumerate the philosophical main differences held between Digambara and Svetāmbara traditions.

दिगम्बर और श्वेताम्बर परम्परओं के बीच प्राप्त दार्शनिक मतभेदों को गिनाइए।

**OR / अथवा**

Describe any significant event of Gandhi's life which impressed you the most.

गाँधीजी के जीवन की किसी भी एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना का वर्णन कीजिए जिसने आपको सबसे अधिक प्रभावित किया हो।

**Answer the question according to your specialization.**

**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**22.** What is the Āṣṭāngikamārga. Clarify.

आष्टांगिकमार्ग क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Give an account of historical and cultural heritage of S̀ravana - belagola.

श्रवणबेलगोला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

Discuss the significance and impact of Gandhi's 'DANDI MARCH - 1930' on the Freedom Movement in India.

भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन के संदर्भ में गाँधीजी की 'दांडी यात्रा - 1930' के महत्व और प्रभाव की चर्चा कीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**

**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**23.** Write a note on Dhammacakra - pravartana.

धर्मचक्रप्रवर्त्तन पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

What is Anekāntavāda and Syādvāda ? Discuss.

अनेकान्तवाद और स्याद्वाद क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Examine Gandhi's views on Education.

शिक्षा के विषय में गाँधीजी के विचारों का परीक्षण कीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**

**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**24.** Write a note on the Mahāyanī sects.

महायानी सम्प्रदाय पर एक टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

What is Ratnatraya in Jainism ? Discuss.

जैनधर्म में रत्नत्रय का तात्पर्य क्या है? स्पष्ट कीजिए।

**OR / अथवा**

Describe the essentials and methods of Satyagraha.

सत्याग्रह के आवश्यक अंशों और विधियों का वर्णन कीजिए।

**Answer the question according to your specialization.**

**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**25.** What is the nature of Nirvāṇa in Buddhism ? Discuss.

निर्वाण की प्रकृति या स्वरूप बैद्धधर्म में क्या है? चर्चा कीजिए।

**OR / अथवा**

Write a detailed note on the Aṇuvratas and Mahāvratas.

अणुव्रतों और महाव्रतों पर एक विस्तृत टिप्पण लिखिए।

**OR / अथवा**

Describe the major attributes of Peace.

शान्ति की मुख्य विशेषताएं (गुण) बताइये।

**SECTION - IV**

**खण्ड – IV**

**Note :** This section consists of one essay type question of forty (40) marks to be answered in about one thousand (1000) words on any of the following topics.

**(40x1=40 marks)**

**नोट :** इस खंड में एक चालीस (40) अंकों का निबन्धात्मक प्रश्न है जिसका उत्तर निम्नलिखित विषयों में से केवल एक पर, लगभग एक हजार (1000) शब्दों में अपेक्षित है।

**(40x1=40 अंक)**

**Answer the question according to your specialization.**
**अपने विशेष प्रमुख विषय के अनुसार प्रश्नों का उत्तर दें।**

**26.** Write an essay on "The impact of Buddhism on the Indian Culture".

''भारतीय संस्कृति पर बौद्धधर्म का प्रभाव'' विषय पर एक निबन्ध लिखिए।

**OR / अथवा**

Write an essay on Jainism and ecology.

''जैनधर्म और पर्यावरण'' विषय पर एक निबन्ध लिखिए।

**OR / अथवा**

Examine Mahatma Gandhi's approach to establish World Peace. Is it relevant today ?

विश्वशान्ति स्थापित करने में महात्मा गाँधी के दृष्टिकोण की समीक्षा कीजिए। क्या वर्तमान में यह प्रासंगिक है?

## FOR OFFICE USE ONLY

**Marks Obtained**

| Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained | Question Number | Marks Obtained |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 26 | | 51 | | 76 | |
| 2 | | 27 | | 52 | | 77 | |
| 3 | | 28 | | 53 | | 78 | |
| 4 | | 29 | | 54 | | 79 | |
| 5 | | 30 | | 55 | | 80 | |
| 6 | | 31 | | 56 | | 81 | |
| 7 | | 32 | | 57 | | 82 | |
| 8 | | 33 | | 58 | | 83 | |
| 9 | | 34 | | 59 | | 84 | |
| 10 | | 35 | | 60 | | 85 | |
| 11 | | 36 | | 61 | | 86 | |
| 12 | | 37 | | 62 | | 87 | |
| 13 | | 38 | | 63 | | 88 | |
| 14 | | 39 | | 64 | | 89 | |
| 15 | | 40 | | 65 | | 90 | |
| 16 | | 41 | | 66 | | 91 | |
| 17 | | 42 | | 67 | | 92 | |
| 18 | | 43 | | 68 | | 93 | |
| 19 | | 44 | | 69 | | 94 | |
| 20 | | 45 | | 70 | | 95 | |
| 21 | | 46 | | 71 | | 96 | |
| 22 | | 47 | | 72 | | 97 | |
| 23 | | 48 | | 73 | | 98 | |
| 24 | | 49 | | 74 | | 99 | |
| 25 | | 50 | | 75 | | 100 | |

Total Marks Obtained (in words) ....................................

(in figures) ....................................

Signature & Name of the Coordinator ...............................

(Evaluation) Date .............................